हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 29 जून 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

EXPERT COACHING CLASSES
NEET/JEE/FOUNDATION
8th 9th 10th 11th 12th (ICSE/CBSE/CG Board)
ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best... 2015
NEET DROPPER & REPEATER
BATCH START FROM 1/JULY/2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

### पहली बार सोसायटियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा रहा नैनो खाद

# सोसायटियों में 20 हजार नैनो यूरिया और डीएपी डंप, किसी किसान ने नहीं खरीदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन की उर्वरक शक्ति को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लांच की गई नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग करने में किसान रूचि नहीं दिखा रहे हैं। यही कारण है कि इस साल सोसायटियों में नैनो यूरिया 18 हजार और नैनो डीएपी 300 बोतल का भरपूर स्टाक होने के बाद भी किसान इसे खरीदने से तौबा कर रहे हैं। सोसायटियों द्वारा नैनो यूरिया और डीएपी के उपयोग से होने वाले फायदे भी किसानों को बताये जा रहे हैं, लेकिन वे पारंपरिक यूरिया और डीएपी की मांग ही कर रहे हैं।

देश में यूरिया और डीएपी की बढ़ती मांग के बीच केंद्र सरकार ने नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डीएपी भी लांच किया है। कृषि विभाग द्वारा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग से होने वाले फायदे की लगातार जानकारी किसानों को दी जा रही है, लेकिन जिले के किसानों ने इसके उपयोग से तौबा कर रखा है। यही कारण है कि खरीफ सीजन में इस बार 18 हजार नैनो यूरिया और तीन हजार नैनो डीएपी का भंडारण सोसायटियों में किया गया है, लेकिन अभी तक एक भी बोतल की बिक्री नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि जिले में पारंपरिक यूरिया और डीएपी के संकट के हालात के बीच भी किसान नैनो के उपयोग से बच रहे हैं।

## किसानों को उपयोग का फायदा समझाएगा प्रशासन

### खास बातें

- बेहतर बारिश के इंतजार में किसान
- जिले में 10% से कम बोनी ही
- यूरिया और डीएपी की मांग, लेकिन नैनो से तौबा



### खाद का संकट!

सोसायटियों में इस बार यूरिया और डीएपी खाद के संकट के हालात निर्मित होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। कृषि विभाग ने 28 हजार मैट्रिक टन यूरिया का लक्ष्य रखा था। जिसके विरूद्ध अभी तक 19 हजार मैट्रिक टन का भंडारण हुआ है। जिसमें से किसानों ने 14 हजार 453 मैट्रिक टन का उठाव भी कर लिया है। सोसायटियों में सिर्फ 5 हजार मैट्रिक टन यूरिया ही शेष है। वही हाल डीएपी का है। सोसायटियों और निजी दुकानों में सिर्फ 1302 मैट्रिक टन डीएपी शेष है।

### क्या है नैनो यूरिया

नैनो यूरिया एक नैनो तकनीक पर आधारित उर्वरक है। जिसका उपयोग पौधों और फसलों को पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन प्रदान करने के लिए किया जाता है। नैनो यूरिया उर्वरक किसानों के लिए एक स्थायी विकल्प के रूप में सामने आया और उन्हें स्मार्ट कृषि की दिशा में कदम बढ़ाते बेहतर फसल की पैदावार हासिल करने में मदद कर रहा है।

### नैनो यूरिया के फायदे

नैनो यूरिया फसल में नाईट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करता है। फसल और पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को बढ़ाता है। फसल उत्पादन में वृद्धि करता है। फसल में खाद की लागत को कम कर किसानों की आय में वृद्धि करता है। नैनो यूरिया फसलों की गुणवत्ता में सुधार करता है। नैनो यूरिया भूमिगत जल की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। इसका परिवहन और भंडारण का खर्च कम होता है। ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में अहम भूमिका निभाता है।

## रिश्वतखोर पटवारी को एसीबी ने रंगे हाथ पकड़ा

**खैरागढ़।** ब्लॉक के हल्का नंबर 11 में पदस्थ पटवारी को बंटवारा-नामांतरण के नाम पर किसान से पैसे लेते एसीबी ने रंगे हाथ पकड़ा। पटवारी हल्का नंबर 11 अंतर्गत आने वाले गांव टोलागांव निवासी किशोर दास ने पहले पिता फिर माता की मौत बाद तीन भाईयों में जमीन का बंटवारा और पर्चा अलग करने पटवारी विवेक परगनिहा से मुलाकात की और पर्चा फोड़ने कहा। पटवारी विवेक परगनिहा ने किशोर दास से पहले लंबी-चौड़ी राशि की मांग की, जिसे देने में असमर्थता जाहिर करने पर

⏩ शेष पेज 12 पर



RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH | R1
Department of
BIOTECHNOLOGY
Under Graduate Programme
• BSc (Biotech with Botany)
• BSc (Biotech with Zoology)
Post Graduate Programme
• MSc (Biotech)
OUR MAJOR RECRUITERS :-
LUPIN
Alembic
SUN PHARMA
Deepak Advts.
90161 13333

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
rungta Let the minds bloom
EXCELLENCE KI GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
THE ONLY DENTAL COLLEGE
of Chhattisgarh with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
has been RANKED
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
&
45th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
By INDIA TODAY
AC CLASS ROOMS
REGISTRATION OPEN
BDS | MDS In all 9 Branches
• BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
ADMISSION HELP LINE : 92293 44402, 9229 111 555

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANA TECH | HENRY HARVIN | JUDSON UNIVERSITY | SSBM
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
ISBM University, City Office, Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
ISBM University Campus, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
*Disclaimer : Till Raipur Off Campus Approval, Students Will Enroll For Main Campus
SCHOOL OF PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma * | Ph.D
SCHOOL OF LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | Ph.D | BA-LLB
SCHOOL OF MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) | MBA (Industry Integrated)
SCHOOL OF DESIGN
DFD | DID | CFD | CID | BSc-FD | BSc-ID | Fashion Design | Interior Design
SCHOOL OF INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
SCHOOL OF LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
SCHOOL OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
DIPLOMA | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated Computer Engineering)
SCHOOL OF SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hon) | M.Sc | Ph.D
SCHOOL OF COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com (Industry Integrated)
SCHOOL OF JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
D-JMC | B-JMC | MA-JMC | Ph.D
SCHOOL OF ARTS & HUMANTIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | M.A. | Ph.D
SCHOOL OF YOGA & NATUROPATHY
DIY | DN | BA / MA (Yoga) | M.A. | Ph.D
SCHOOL OF HOTEL MANAGEMENT
DHMCT | BHMCT
SCHOOL OF VOCATIONAL STUDIES IN B.VOC
Diploma & PG Diploma
Full Stack Development, Internet of Things (IoT), Cyber Security, UI/UX, Digital Marketing, Data Analytics
Datagami "Lead Digital Technology" — MBA in Banking & Finance

## खबर संक्षेप

### फर्जी हाजिरी की शिकायत

**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत जामरी में मनरेगा के मस्टररोल में फर्जी हाजिरी भरने की शिकायत मिली है। जानकारी के अनुसार जो मजदूर योजना के तहत काम करते है उन्हे महीनों मजदूरी नहीं मिलती वहीं मस्टररोल में ऐसे लोगों के नाम पर भी हाजिरी भरा जाता है जो कभी काम करने जाते ही नहीं। ग्राम के कुछ प्रमुख जनों के परिजनों की भी हाजिरी दर्ज करने के कारण सभी मौन साधे हुए हैं। मजदूर व ग्रामीणों से पता चला कि लंबे समय से फर्जी हाजरी भरकर शाासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### कीटनाशक मिला अमानक, नोटिस जारी

**मोहला।** कृषि विभाग, कीटनाशक निरीक्षक ने साई कृषि केंद्र औंधी का निरीक्षण 27 मई को किया था। निरीक्षण में कीटनाशक ब्रांड 2-4 डी चार डी अमाइन साल्ट 58 प्रतिशत एस एल, निर्माता कंपनी भारतीय रासायनिक उद्योग सोरीदभाट धमतरी, बैच नंबर, आर बी - 04310 का नमूना लिया गया था। नमूना जांच में अमानक पाए जाने पर संबंधित संस्थान को नोटिस जारी कर 28 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। संतुष्टि जनक जवाब नहीं मिलने पर कीटनाशक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

### देसी धान बीज का वितरण



**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था दक्कोटोला ने ग्राम पड़की, पांगरी, चिरचारी, माधोपुर के किसानों को गत दिनों पारंपरिक देसी धान बीज का वितरण किया। किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के रिसोर्स पर्सन जयदेव मोहुर्ले ने जैविक खाद, दवाई, जीवामृत, वर्मी कंपोस्ट, नाडेफ खाद आदि बनाने की विधि बताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र धुर्वे, सावत नायक, दिनेश, किरणबाई, उत्तराबाई, लच्छतीन, पुष्पाबाई, चैती, देवकली, रमेश टेकाम, रघुवीर सिंह, बंशीलाल, सियाराम, रूपसाय, संतराम, मानसिंह, हरिराम कोमरे, श्रीराम कोमरे, जमुना, भागोबाई, विनोद मंडावी, बिसाल सिंह, निर्मल, रेवतीबाई, ललिताबाई, खोरबहरा यादव, दुरुग आदि शामिल हुए।

### वन अधिकार दावा पत्र शिविर आयोजित



**बांधाबाजार।** सृष्टि संस्था द्वारा संचालित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम स्तरीय व्यक्तिगत वन अधिकार के दावा पत्र की प्रक्रिया, दिक्कत कब्जाधारी को कानूनी हक प्राप्त करवाने के दृष्टिकोण से ग्राम स्तरीय वन अधिकार पत्र के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम सभा का आयोजन कर कब्जाधारी से दावा पत्र प्रस्तुत कराया गया। ग्रामसभा के मनोनीत सदस्यों ने जांच पड़ताल किया। जॉच के बाद सचिव ने दावा पत्र का वाचन किया। अपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए मार्गदर्शन दिया गया। शिविर का आयोजन माडियानडीह, मरदेल, पडकी, नाडेकल, चिरचारी, गल्लेटोला, बमनी, मुदयाल, सुवरबोड, मकोड़ी, खैरी, कोडेवडा, भुरभूसी, माधोपुर एवं ततोडा में किया गया। शिविर में कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले, अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी आदि शामिल हुए।

### प्लेसमेंट कैम्प 29 को

**राजनांदगांव।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में शेफर टेलेंट हायर सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेट द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राईवेट लिमिटेट द्वारा 29 जून को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जनरल के केवल पुरूष उम्मीवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने शैक्षणिक के साथ शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# फोन से भी दर्ज होगी थाने में शिकायत






हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

टिकरीपारा स्थित मंगल भवन में नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश ईशान व्यास, एडीपीओ सुनील राठौर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रज्जू महोबिया, सीएमओ कमल नारायण जंघेल, नपं अध्यक्ष पार्तिका महोबिया, थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले , बीएमओ डॉ मनीष बघेल, सुनील कुमार आदि शामिल हुए।

माननीय न्यायाधीश श्री व्यास ने बताया कि नागरिकों तथा समाज का जीवन व्यवस्थित और अनुशासित रूप से चलाने के लिए कानून में समय-समय पर संशोधन किया जाता है। इसी क्रम में नवीन न्याय संहिता बनाई गई है। एसडीपीओ श्री राठौर ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी श्री गेंदले ने बताया कि नवीन न्याय संहिता से आमजन को बहुत सुविधा होगी। अब तक लोगों को थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराना पड़ता था लेकिन एक जुलाई से फोन के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराया जा सकेगा। रिपोर्ट दर्ज कराने के तीन दिवस के भीतर थाने में आकर यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि फोन के माध्यम से शिकायत किया था। तीन दिवस के भीतर व्यक्ति थाना नहीं आता है तो शिकायत स्वतः निरस्त हो जाएगी।पीएलव्ही सुनील कुमार ने बताया कि पुरानी दंड संहिता दंड विधान पर बल देती हैं जबकि नवीन न्याय संहिता न्यायपूर्ण समाजिक व्यवस्था पर बल देती है।

### विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में नवीन न्याय संहिता अंतर्गत तीन नए अपराधिक कानून पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता प्रांजल ठाकुर थे। श्री ठाकुर ने बताया कि तीन नए कानून आगामी एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीनों कानून को आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस कानून के माध्यम से जल्द न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में कुंज बिहारी चैबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के नोडल अधिकारी अरुण साव, रानी सूर्यमुखी देवी कालेज छुरिया के विनय चौरे, अवंती बाई लोधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला के मनोज रंगारी, डॉ. आशा चौधरी, डॉ.प्रदीप जाम्बुलकर, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए। अंत में श्री ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। संचालन गुलशन सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू ने किया।



# विधायक ने किया वार्ड भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- सीएमओ को मौके पर बुलाकर समस्या हल करने के दिए निर्देश

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गुरुवार को वार्ड 16 एवं 17 का भ्रमण कर वार्डवासियों से समस्याओं की जानकारी ली है। इस दौरान वार्ड के महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

वार्डवासियों ने विधायक को पानी, नाली, सड़क सहित अन्य समस्या की जानकारी दी। विधायक श्रीमती बघेल ने समस्या के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है । इस दौरान उन्होंने सीएमओ चंद्रकांत शर्मा को मौके पर बुलाकर लोगों की समस्या हल करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, हरीश भंड़ारी, जितेंद्र सिंग भाटिया, संजय यादव, रामजी तराने, मधु श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, प्रकाश महानदी, तरुण फुले, नरेश करसे, भागवत चौधरी, निशा निर्मलकर, रितू निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### झमाझम बारिश से राहत

**डोंगरगढ़।** गर्मी एवं उमस के बीच शुक्रवार को प्रातः से लगभग 5 घंटे तक बारिश हुई। सुबह 4 से 9 बजे तक बारिश होने से वातावरण ठंडा हो गया। बारिश के बाद किसानो ने धान फसल लगाने की तैयारी शुरू कर दिया है। कहा कि आधे से ज्यादा किसान आगामी सोमवार से बुआई करना शुरू कर देंगे। प्रातः स्कूली बच्चे बारिश का मजा लेते हुए स्कूल पहुंचे।

# प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के बीच तालमेल के अभाव में पदोन्नति प्रक्रिया में विलंब होने पर चिंता जताते हुए जल्द पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, प्रदेश महासचिव शैलेंद्र यदु, प्रदेश संगठन सचिव राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, चंद्रिका यादव, बृजेश वर्मा, राजेश साहू, संदीप साहू, रतिराम राम कन्नौजे, महेश उईके, आदित्य तिवारी, सुरेन्द्र साण्डे, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा आदि ने कहा कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। बेहतर शिक्षा के लिए प्रधानपाठक का होना जरूरी है। पूर्व में प्रारंभ की गई प्रक्रिया के अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण जिले में प्रधानपाठक के 160 से अधिक पद रिक्त हैं। रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए संघ कई बार जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में ला चुका है किन्तु अब तक वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं हो पाया है।

## गलियों में फैला कीचड़...



**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत जामरी में वार्ड 3 और 4 कीचड़ फैली हुई है। इस संबंध में ग्रामीणों के शिकायत करने के बाद पंचायत प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों को कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। कीचड़ के कारण बाइक चलाने में दिक्कत होने लगी है वहीं बच्चों को भी परेशान होना पड़ रहा है। गांव में नल लगा है जिसका पानी गली में बहते रहता है। ग्रामीणों की मांग के बाद नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है।

# बदला खेती का तरीका, नांगर गायब

- अब बहुसंख्यक किसान ट्रैक्टर से करने लगे जुताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मानसून आगमन के साथ खरीफ फसल की बोआई तेजी से चल रही है। झमाझम बारिश होने से पहले किसान बोआई करने में जुटे है। नई तकनीक का उपयोग करने के कारण पारंपरिक खेती का स्वरूप बदलते जा रहा है। सड़क अतरिया, चकनार, कुकुरमुड़ा के किसानों ने बताया कि एक दशक पहले तक खेतों की जुताई के लिए नागर का उपयोग किया जाता था किन्तु अब बहुसंख्यक किसान ट्रेक्टर का उपयोग करने लगे हैं। आसपास के सभी गांव में दर्जन, दो दर्जन से अधिक लोगों के पास ट्रेक्टर है। जहां पहले बैल भैंस को बांधा जाता था वहां अब ट्रेक्टर खड़ा नजर आता है। इसी प्रकार कृषक रोपा एवं ओन्हारी पद्धति का उपयोग अधिक करने लगें हैं जिससे ब्यासी करने की जरुरत नहीं पड़ती है।



### मवेशियों की संख्या घटी

आधुनिक खेती के चलते गाय, बैल, भैंस की संख्या में लगातार कमी देखा जा रहा है। जिन गांव में दो, तीन सौ मवेशी हुआ करता था अब वहां आधे से भी कम मवेशी दिखाई देते है। जिन लोगों के पास मवेशी है वह भी देखरेख पर विशेष ध्यान नहीं देते। शाम को मवेशी के घर नहीं लौटने पर भी पता साजी करने में रूचि नहीं दिखाते जिससे सड़कों पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है। सभी गांव में कांजी हाऊस है जहां अक्सर ताला लगा रहता है।

## स्कूलों में उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन

# स्वागत के साथ बच्चों का स्कूल में दाखिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर ब्लाक के कुम्हारी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने यहां पहुंचकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। कलेक्टर नें शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का सबसे बड़ा महत्व है। बिना शिक्षा के हम किसी भी मुकाम को हासिल नहीं कर सकते। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया सहित पालक उपस्थित थे।

प्राथमिक शाला कौड़ीकसा में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी थे। उन्होंने बच्चों से खेल-खेल में बातचीत किया। शाला में कराए जाने वाली गतिविधियों के संबंध में सवाल जवाब किया। बच्चों ने कंचा, भंवरा, फुटबॉल, रस्साकसी खेल खेलना बताया। विधायक मंडावी ने पठन सामाग्री एवं गणवेश का वितरण किया। नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस दौरान शाला परिसर में कदम, बादाम, काजू, कटहल, जाम आदि के पौधे विधायक सहित अन्य के सहयोग से लगाया गया। इस अवसर पर सरपंच योगेंद्र कोड़ापे, उप सरपंच एनिशपुरी गोस्वामी, देवानंद कौशिक, नरेश पटेल, रामजी तारम, महारसिंह चुरेंद्र, राजकुमार ध्रुव, रामेंद्र गोआर्य, पन्ना मेश्राम, मनोहर महाराज, बरशन कुल्हारा, योगेश पटेल, जनक तारम, टीकाराम कोलियारा, गणेश चुरेंद्र, सुचित्रा सोनी एवं सरोज साहू उपस्थित थे।

**अर्जुनी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाला परिसर में पौधे रोपे गए। आयोजन में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और तन-मन से पढ़ाई करने की समझाईश दी। इस अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ न्यौता भोजन के रूप में खीर-पूरी खिलाया गया।कार्यक्रम में संकुल समन्वयक माखनलाल रात्रे, जनपद सदस्य निर्मला सोनकर, सरपंच द्रोपती साहू, उपसरपंच हरिचरण सोनी, पंच लक्ष्मी सोनकर, मोहनीश साहू समेत अन्य शामिल थे। प्रधानपाठक थानसिंह साहू एवं वंदिता रत्ना गजभिये ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए रोज स्कूल आने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन बैनलाल, आभार प्रदर्शन थानसिंह साहू व वंदिता रत्ना गजभिये ने किया।



**सुरगी।** प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद कुलबीर छाबड़ा थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच खेमदास साहू, अनुरूद्ध कौशिक, चुनूराम साहू, उत्तम कलिहारी एवं राहुल साहू थे।



इस अवसर पर कक्षा पहली एवं 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश के साथ कापी-पेन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि श्री छाबड़ा ने बच्चों से अनुशासन में रहकर, मन लगाकर पढाई करने और अपने स्कूल, गांव और माता-पिता का नाम रौशन करने कहा। उन्होंने बच्चों को जूता-मोजा देने की घोषणा की। न्योता भोजन के तहत टीकाराम साहू ने बूंदी का लड्डू परोसा गया और उनके साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर राकेश सोनी, चांताराम साहू, रमेश साहू, शत्रुध्न साहू, मणीलाल साहू, उमेश्वर निषाद, लीलधर साहू, विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, किशन कुमार, लेमत भुआर्य एवं अन्य लोग शामिल थे।

**खुज्जी।** स्थानीय मिडिल स्कूल में प्रधानपाठक टी आर देवांगन के नेतृत्व एवं सरपंच सोनाली पंसारी के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। सेवा निवृत्त शिक्षक ज्योतिष राम यादव ने न्योता भोज कराया। संचालन भूमिका साहू ने किया । इस अवसर पर देवानंद, श्रीमती के हिरवानी, श्रीमती के साहू, श्रीमती पी पटेल, श्रीमती डी मानकर, करूणा देवांगन, लेखराम निषाद, बालका मिश्रा, कमलाबाई, हेमिन बाई, विशाखा बाई, रामशिला, पूजा मिश्रा, कुमारीबाई साहू, अक्षय श्रीवास्तव, युवराज, भूपेश मालेकर, योगेश कुमार,राधिका, ज्योति, डूमललाल साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, मुकेश देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।



**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला टटेगा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराया गया। यूनिफॉर्म एवं किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा, बुधरूराम यादव, रिखीराम साहू , पेमीन साहू , माहेश्वरी, प्रधान पाठक लिखन सरपा, मोहनमाला साहू, संजय साहू, खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, नेहा साहू, गायत्री देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।



**नागतराई।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नागतराई में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों का तिलक वंदन कर मिठाई खिलाया गया। पुस्तक वितरण किया गया । संस्था के व्यवस्थापक पूरन लाल पटेल एवं अध्यक्ष माखनलाल पटेल की उपस्थिति में बच्चों को संस्था में प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एआर पटेल, चुरामन दास साहू, अनिता, जागृति, मंजू साहू, प्रिया दुबे एवं राजेंद्र उपस्थित थे।



# महाविद्यालय में नए कानून को लेकर उन्मुखीकरण कार्यकम

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में तीन नए कानूनों को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, अभियोजन अधिकारी देवेंद्र धुरव, प्राचार्य डॉ जितेंद्र साखरे, पीएलवी गोलूदास साहू की उपस्थिति में आयोजित कार्यकम मे अतिथियों के स्वागत बाद कार्यक्रम संचालन प्रो यशपाल जंघेल ने कहा कि प्राचीन भारत में न्याय संहिता की परंपरा विद्यमान रही है।

मुख्य वक्ता अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए नवीन विधिसम्मत नियम जीरो एफआईआर, फारेंसिक जॉच, पैरोल सहित लोक सेवकों के कर्तव्य की जानकारी स्टुडेंट्स को दी।

अभियोजन अधिकारी देवेन्द्र धुरव ने बताया कि देश में प्रचलित पुरानी संहिता दंड विधान पर बल देती है जबकि नवीन न्याय संहिता न्यायपूर्ण समाज व्यवस्था पर बल देती है। उन्होने माब लीचिंग संगठित अपराध, आतंकवाद, समलैंगिकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। पैरालिगल वालेंटियर गोलूदास साहू ने पुराने और नए आपराधिक कानूनो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने कानून का होना अत्यंत आवश्यक है। आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने किया। इस अवसर पर कालेज के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी**
**राजनांदगाँव (छ0ग0)**
राजस्व मामला क्रमांक 202406093700025
अ-6 वर्ष 2023-24

**-:: ईश्तहार :: -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जय बग्गा आ. राजभारती बग्गा, निवासी-मानव मंदिर रोड, वार्ड नं. 22, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला कलारपारा स्थित शीट क्रमांक 48 ए, भूखण्ड क्रमांक 57, क्षेत्रफल 141.00 वर्गमीटर जो धारक अमेल सिंह आ. संतराम, निवासी-सिनेमा लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है पर पंजीकृत दान-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 15.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**खबर संक्षेप**

## पेपर लीक मामले मे संसद घेराव में शामिल हुए युकांई

**खैरागढ़।** देश में हुई अब तक के सबसे बड़े पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियॉ एनडीए सरकार को घेरने में लगी है और मामले में जांच सहित परीक्षा को फिर से कराने की मांग कर रही है।

राष्ट्रीय युवा कांग्रेस की अपील पर पर नई दिल्ली के जंतर मंतर में संसद घेराव कर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस नेता नदीम मेमन के नेतृत्व में जिले के युवक कांग्रेस की टीम शामिल हुई और कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं के भाषण के बाद संसद घेराव के दौरान पुलिस द्वारा की गई बेरिकेटिंग तोडने के के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास सहित हजारों की संख्या में युवक कांग्रेसियो को पुलिस ने हिरासत मे लिया हालांकि कुछ घंटो बाद उन्हे निशर्त रिहा भी कर दिया गया।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस नेता नदीम मेमन साथ विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्रजीत सिंह छोटू, सूरज देवांगन, उमेश साहू, सूरज महिपाल, गजेंद्र वर्मा, राहुल सिरमौर, कुनाल सिंह, विजेंद्र यादव, ईश्वर वर्मा, मनीष साहू, रूपेश शर्मा, आकाश सिंह सहित युवा कांग्रेस की टीम शामिल हुई।

### गातापार जंगल थाना में अपराध पंजीबद्ध कराने दिया आवेदन

# मुढ़ीपार सेवा सहकारी समिति प्रबंधक ने किया 1 करोड़ 9 लाख का गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुढ़ीपार सेवा सहकारी समिति में एक करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ हैं। समिति प्रबंधक और अन्य संबंधित कर्मचारियों ने किसानों से धोखाधड़ी कर 1 करोड़ 9 लाख रूपयों का गबन कर लिया जिसकी जानकारी होने के बाद सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक प्रकाश महोबिया ने गातापार जंगल थाने में पहुंचकर अपराध पंजीबद्ध कराने आवेदन दिया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब समिति से जुड़े किसान नई फसल के लिए कर्ज लेने समिति पहुंचे तब उन्हें पता चला कि उनका पुराना कर्ज बकाया दिखा रहा है जबकि उनके पास कर्ज राशि जमा करने संबंधी समिति की रसीद भी है। हड़बड़ाए किसानों ने बैंक प्रबंधन से जानकारी ली तो जॉच में खुलासा हुआ कि समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू ने किसानों से पुराने कर्ज का पैसा लिया है रसीद भी दिया है लेकिन पैसा बैंक मे जमा नही हुआ जिसके कारण किसान सहकारी बैंक की सूची में कर्जदार दिख रहे है। शुरूआती जॉच में 214 किसानों के कर्ज का एक करोड़ नौ लाख रूपए गबन करने की जानकारी मिल रही है।



### ऑपरेटर, लिपिक और विक्रेता भी शामिल, सभी हटे

मामले को लेकर सहकारिता विस्तार अधिकारी लोकनाथ माहेश्वरी ने समिति में गबन की जानकारी मिलने के बाद समिति प्रबंधक धनेश्वर साहू, ऑपरेटर दीनदयाल सिन्हा, ऑपरेटर पुत्र लिपिकीय कर्मी अजय सिन्हा, विक्रेता कृष्णा वर्मा और संतोष कुंजाम को पद से हटा दिया है। मुढ़ीपार सहकारी बैंक प्रबंधक प्रकाश महोबिया ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा 1 करोड़ 9 लाख रुपए के गबन की जानकारी मिलने के बाद उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने गातापार थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले में दस्तावेज एकत्रित कर रही है।

### नई फसल के लिए कर्ज लेने समिति पहुंचे तब हुआ गबन का खुलासा

समिति से पंजीकृत किसान जब अपनी खरीफ फसल के लिए दुबारा कर्ज लेने सहकारी बैंक पहुंचे तब मामले का खुलासा हुआ। एक-एक कर किसान जब कर्ज लेने के बैंक गए तो वहां पता चला कि बैंक रिकार्ड मे पुराना कर्ज जमा नही दिखा रहा हैं जबकि उनके पास पैसा जमा करने संबंधी समिति की पर्ची भी है। जैसे ही यह बात किसानों को पता चली तो सभी एक एक कर बैंक पहुंचे जहॉ कर्ज अदायगी की पर्ची रखे होने के बाद भी रिकार्ड मे कर्ज जीवित देख सदमे में आ गए।

## युगांतर स्कूल का स्थापना दिवस आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- युगांतर में हुआ वृक्षारोपण

युगांतर पब्लिक स्कूल का 28वां स्थापना दिवस कल 29 जून को सुबह 10 बजे विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. रोमिल जैन एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (गेस्ट्रोसर्जरी) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान भी होगा। इसी तारतम्य में संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभावशाली आयोजन अपनी सुंदर छंटा बिखेरेंगे। विद्यालय के स्थापना दिवस को यादगार बनाने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जिसमें संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) अजय सिंगी, प्राचार्य मधु पी. चौधरी, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विद्यालय को सदा हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

## जनसंख्या स्थिरीकरण व डायरिया नियंत्रण पखवाड़े का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- प्रचार प्रसार रथ को कलेक्टर ने किया रवाना
- जनता को किया जाएगा जागरुक

जिले में जनसंख्या वृद्धि को रोकने 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा और डायरिया से बचाव व सुरक्षा हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन एक से 31 जुलाई तक मनाया जा रहा है। दोनों कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के तैयार रथ को कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएचएमओ गणेश दास वैष्णव ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन तीन भागों में किया जाएगा। पहले चरण में 1 से 20 जून तक परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा। दूसरे चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति से संपर्क कर परिवार नियोजन के विषय में बतलाया जाएगा। तीसरे चरण 11 से 24 जुलाई तक सामाजिक सगंठनों के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा। प्रचार प्रसार रथ को रवाना करने के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल धुरव, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डॉ. बोधन परते, हरिओम शर्मा, अर्पित गुप्ता, राजेश तिवारी सहित समस्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### ओआरएस घोल बनाना और हाथ धुलाना सीखाएंगे

स्टॉप डायरिया कैंपेन के दौरान लोगो में जागरूकता लाने, ओआरएस की जानकारी, डायरिया से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें उच्च संस्था में रिफर करने प्रोत्साहित कर उपचार प्रबंधन के माध्यम से शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाता है। पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 0-5 साल के बच्चों को घर जाकर ओआरएस पैकेट व जिंक वितरण किया जाएगा। ओआरएस घोल बनाने की विधि सहित हाथ धुलाई का प्रदर्शन किया जाएगा। पखवाड़े के द्वितीय सप्ताह में गर्भवती व शिशुवती माताओं को शिशु पोषण आहार व्यवहार संबंधी शिक्षा दी जाएगी। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरटी कार्नर की स्थापना कर ओआरएस घोल पिलाया जाएगा। समस्त गतिविधियां जिले के दोनों विकासखंडों में संचालित होगी।

## राजनांदगांव रियासत का इतिहास पुस्तक विमोचित



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने निवास मौली श्री विहार में राजनांदगांव रियासत का इतिहास पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के लेखक शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र सिंह हैं। उक्त पुस्तक में राजनांदगांव रियासत के राजाओं के कार्यकाल, उनका प्रशासन, उनके समय के सामाजिक, आर्थिक स्थिति, शिक्षा, साहित्य, धार्मिक स्थिति का विस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही रियासत में होने वाले राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव, मिल मजदूर आंदोलन एवं ठाकुर प्यारेलाल सिंह का योगदान, जंगल सत्याग्रह के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन परिचय का उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. रमन सिंह ने बधाई देते कहा कि इससे राजनांदगांव रियासत की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्रा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शोधार्थियों, इतिहास में रूचि रखने वालों तथा जनता के लिए काफी उपयोगी है। दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर भी उपस्थित थे। इस पुस्तक का प्रकाशन अध्ययन पब्लिशर नई दिल्ली द्वारा किया गया है।

## कट्टहा नवागांव में ताजपोशी के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव

- नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राथमिक शाला में प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सत्रारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत के निर्देशानुसार प्रवेशोत्सव के दिन नवप्रवेशी बच्चों को ताजपोशी साथ शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मुरली वर्मा ने ताज, हार और तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। प्रधान पाठक रामलाल साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा किया और पदचिन्हों को संजोकर रखा। मुख्य अतिथि मुरली वर्मा, शाला विकास समिति उपाध्यक्ष घनाराम जोशी सहित अन्य अतिथियो ने सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तक, गणवेश का वितरण किया। न्यौता भोजन में केला, पूड़ी खीर के साथ मीठा परोसा। अतिथियों ने पालकों से आग्रह किया कि शासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सारे संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है इसलिए सभी पालक अपने बच्चों को नियमित शाला भेजें। इस दौरान सहायक शिक्षक सुकालू राम साहू, सत्येन्द्र बर्मन, सेवाबाई वर्मा, शांति जोशी, ममता जोशी, कविता जोशी, ललेश्वरी, शशि बाई सहित अन्य द्वारा शाला परिसर मे पौधे रोपकर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया गया।

**निधन**

### हेमंत कुलवाल



**मोहला।** अंबागढ़ चौकी निवासी स्व तुलसीराम कुलवाल के पुत्र एवं कान्हा कुलवाल के छोटे भाई हेमंत कुलवाल का आज सुबह 5 बजे निधन हो गया है।

उनकी अंतिम यात्रा कल 29 जून को सुबह 9 बजे राजीव गांधी चौक स्थित निवास से निकलेगी।

### अनिल खेमुका



**राजनांदगांव।** मध्यप्रदेश सिवनी निवासी श्यामसुंदर खेमुका के पुत्र अनिल खेमुका का हृदयगति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। अनिल खेमुका सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे।

वर्तमान में अग्रवाल समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल खेमुका मिलनसार व्यक्ति थे। अपने पीछे पिताजी, पत्नी, पुत्र एवं पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### दिनेश्वरी साहू



**राजनांदगांव।** इंदिरानगर निवासी दिनेश्वरी साहू शिक्षिका का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 29 जून को सुबह 10.30 बजे मोहारा नदी के पास किया जाएगा। वे नगर साहू संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू की छोटी

## देवारीभाट हत्याकांड की गुत्थी अब तक नहीं सुलझा पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

थाना अंतर्गत 19 मई को शहर से महज सात किमी दूर देवारीभाट में हुए युवक के हत्या की गुत्थी पुलिस अभी तक नहीं सुलझा पाई है जबकि वही ज्यादातर हत्या के मामले पुलिस ने कम समय में सुलझा लिया पर देवारीभाट में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाने में पसीना छूट रहा है। देवारीभाट निवासी 37 साल का राजेश्वर पिता अलखराम वर्मा बीते 18 मई की रात घर से खेत का बोर बंद करने निकला था।

पूरी रात घर नही आने पर सुबह परिजन खेत पहुंचे तो उसकी लाश पड़ी मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम पहुंची और विवेचना में जुट गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया जिसमे राजेश्वर की मौत गला घोटने से होना बताया गया है। पीएम रिपोर्ट में राजेश्वर को शराब पीया जाना भी बताया गया है। घटना के एक डेढ़ महीने बाद भी पुलिस राजेश्वर के हत्यारे तक नहीं पहुंच पाई है। मृतक राजेश्वर के पिता अलखराम वर्मा न्याय की आस मे दर बदर भटक रहे है। टीआई अनिल शर्मा ने बताया कि विवेचना जारी है, वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर मामले की जांच हर पहलुओं से की जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा होगा।

## नए कानून पर कार्यशाला



**मोहला।** सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक आरके विज का आज मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के विशेष आग्रह पर एसपी आफिस के हॉल में आयोजित तीन नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में विवेचनों को उनके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। नवीन कानून भारतीय साक्ष्य विधेयक (भारतीय साक्ष्य अधिनियम/ एविडेंस एक्ट) के नए रुप, प्रावधान, प्रक्रिया अंतर्गत साक्ष्य एकत्रीकरण, इलेक्ट्रॉनिक एविडेन्स कलेक्शन, घटना स्थल में भौतिक साक्ष्य की सुरक्षा व एकत्रीकरण, न्यायालय में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुतिकरण प्रक्रिया अंतर्गत डेफिनेशन आफ डॉक्युमेंट मोडिफाइड, प्रायमरी एविडेन्स इलस्ट्रेशन एडेड, सेकेंडरी एविडेन्स स्कोप इंक्रिस्ड, ओरल एडमिशन, रिटन एडमिशन, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, सेमीकंडक्टर मेमोरी, कम्युनिकेशन डिवाइस, हैसिंग एल्गोरिथ्म के कार्यप्रणाली, उपयोगिता के सम्बन्ध में पीपीटी प्रोजेक्टर डिस्प्ले कर विस्तार से व्याख्यान दिए गये प्रशिक्षण कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयक गुर्जर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रेमलता चंदेल, अधीक्षक डीसी पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अर्जुन कुर्रे, उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, निरीक्षक संजय यादव रक्षित केंद्र थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी चिल्हाटी निरीक्षक बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी खड़गाव निरीक्षक ईश्वर ध्रुव, थाना प्रभारी कोहका निरीक्षक खोमन भंडारी, थाना प्रभारी गोटाटोला उप निरीक्षक सुरेंद्र नेताम, थाना प्रभारी मॉनपुर उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया, थाना प्रभारी पातनखास उप निरीक्षक गणेश यादव, थाना औंधी सउनि गुणेश निषाद, थाना सीतागाँव सउनि कुंदलाल सिंहा, थाना मदनवाड़ा सउनि धनसिंह महिलांगे, व सभी थानों के प्रधान आरक्षक, सम्मलित हुए, प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित पुलिस विवेचना अधिकारियों के द्वारा नये कानून के नए प्रावधान व प्रक्रिया के व्यवहारिक क्रियान्वयन के सम्बंध में उदाहरण सहित व्याख्यात्मक जानकारी का प्रशिक्षण लाभ प्राप्त किये।

### जताया आभार

प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन में पुलिस अधीक्षक जिला मोहला मॉनपुर अं चौकी ने आर के विज को इस प्रशिक्षण कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशिक्षक के रूप में गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किये, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ने आश्वस्त किये कि पुलिस विभाग को ऐसे प्रशिक्षण की जब भी आवश्यकता होगी वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे, जिला मोहला मॉनपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने पूर्व पुलिस महानिदेशक आर के विज को स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका आभार प्रकट किया।

### अधिकारियों ने दी नवीन कानूनी प्रावधानों की जानकारी

# नवीन कानूनों के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानून के संबंध में इंदिरा कला संगीत विवि ऑडिटोरियम में नवीन न्याय संहिता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कमिश्नर, एडीजे, कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व कानून विदो ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ताओ, पत्रकारो, नागरिको सहित छात्र-छात्राओ को नए कानून मे निहित प्रावधानो की जानकारी दी। दुर्ग कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने बताया की 1 जुलाई से 3 नए कानून लागू होने वाला है जिसे हम सबको जानने की आवश्यकता है, सामान्य तौर पर जो कानून के बारे में जानता है वही सामान्य जीवन में भी कानून का उल्लंघन करने से बचता है। अनजाने में कानून को तोडने वाले लोग अनावश्यक कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाकर समय, धन दोनो खराब करते है। संभागायुक्त ने कहा कि डिस्ट्रिक या रेवेन्यू कोर्ट मे सबसे ज्यादा सीधे-साधे गांव के लोग देखने को मिलते है जबकि पढ़े-लिखे और समझदार लोग कोर्ट कचरी में कम दिखते है। गांव के सीधे-साधे लोगो को कानून का ज्ञान नहीं होता और अनजाने में ही कानून का उल्लंघन कर जाते हैं। हम सभी जानते हैं कि न्यायालयीन प्रक्रिया काफी जटिल है, इसी जटिलता को दूर करने के लिए ही देश में तीन नए कानून लाया गया है। देश में 3 क्रिमिनल लॉ अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता ले लेगी। इन तीनो कानूनों को दंड संहिता से न्याय संहिता बनाया गया है ताकि सबको आसानी से न्याय मिल सके, दंड की बजाय हम न्याय की ओर आगे बढ़ सके।

### नए कानूनों का जानना सबके लिए जरूरी

अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने बताया की बताया है कि 1 जुलाई से कानूनी नियमों में बदलाव होगा, यह महत्वपूर्ण है कि सभी लोग नए नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा की नियम सबके लिए बराबर है। दंड संहिता को न्याय संहिता में बदला गया है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को इस नए कानून का ज्ञान होना चाहिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। इसका उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में जानकारी होना सभी के लिए आवश्यक है ताकि वो स्वयं भी इन कानूनों को समझें और दूसरों को जागरूक करें। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कार्यशाला में कानून के उद्देश्य व नवीन प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एएसपी नेहा पांडेय ने बताया कि नए कानून की जानकारी छग पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसमे जाकर प्रमाणिक जानकारी ली जा सकती है। वेबसाइट मे सभी बातें सामान्य भाषा में बताई गई हैं, जिससे आम लोगों को समझने में आसानी होगी। उन्होंने बताया की नए न्याय संहिता में बच्चों और महिलाओं के साथ अपराध करने पर कठोर कार्रवाई के अलावा मृत्युदंड तक का प्रावधान किया गया है।

### बच्चों और महिलाओं की होगी सुरक्षा

अधिवक्ता मिहिर झा ने बताया की कानून में क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है, भले ही भूलवश कोई अपराध हुई हो, सजा जरूर मिलेगी। जो 3 नए कानून बनाया गया है उसमे बहुत अच्छा प्रावधान है। अब धारा 420 ठगी के स्थान पर धारा 318 बन गया। उन्होंने बताया की नए कानून में धाराओं में बहुत ज्यादा बदलाव किया गया है। पहले हत्या के मामले मे धारा 320 को अब धारा 103 कहा जाएगा। उन्होंने बताया की अंग्रेजी ने जो आईपीसी दंड सहिता अपने हिसाब से बनाया गया था जिसे अब सुधार कर न्याय संहिता बनाया गया। इस प्रकार नवीन कानून में धाराओं को बदलकर नया धारा उसमे जोड़ा गया है। पहले आईपीसी में 511 धाराएं थी, उन्होंने शॉर्ट किया गया है। नवीन कानून में महिलाओ को ज्यादा अधिकार दिए गए है। महिलाओ के साथ अपराध होने पर केवल एकल साक्ष्य के आधार पर न्यायालय मे घटना को सुनकर सजा का प्रावधान किया गया है।

## सार समाचार

### राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प 4 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेंड्री राजनांदगांव में 4 जुलाई को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर ट्री द्वारा टाटा मोटर्स गुजरात एवं डेलफिंजेन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड चेन्नई के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से 18 से 32 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी, 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

### जनता कर रही खुद को असुरक्षित महसूस : मिश्रा



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही सिर्फ 6 माह में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आए दिन बड़ी घटनाएं हो रही है। बलौदाबाजार की घटना, आरंग में अल्पसंख्यक समुदाय के 3 लोगों की मॉब लीनचिंग की घटना, बलरामपुर में बजरंग दल कार्यकर्ता व एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत की वारदात, अभी-अभी दुर्ग में हुए गोवंश के कटे सर वाली घटना जैसी इसके उदाहरण हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि राजनांदगांव में ही अवैध शराब बिक्री-तस्करी, अवैध नशे का कारोबार, सट्टा-पट्टी, जुआ, अवैध रेत-मुरूम उत्खनन आदि सब धड़ल्ले से चल रहे हैं। साथ ही चाकूबाजी और लूटपाट की घटनाएं रोज सामने आ रही है। इन सभी मामलों में पुलिस सिर्फ लीपापोती करती दिखाई दे रही है। केवल नाम की कार्रवाई होती है। इन सब से जनता खुद को बेहद असुरक्षित महसूस कर रही है।

### मोहारा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव



**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रधान पाठक हरिराम साहू, शिक्षाविद् सदस्य एसएमसी रामूलाल प्रजापति, अध्यक्ष एसएमसी धनेश सोनकर, एसएमसी उपाध्यक्ष दिलीप सोनकर, सुनील कुमार साहू, भानुप्रताप साहू, थनेश्वरि साहू, डीगेश्वरी साहू एवं पालकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर तथा गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** एक नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को ग्वालियर भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 26 जून को प्रकरण के पीड़िता को ग्वालियर (मध्यप्रदेश) से आरोपी सुनीलदास मानिकपुरी 20 साल साकिन घोटवानी थाना साजा जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से मामले में धारा 366, 376, 376(2)(ढ) भादसं, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी सुनीलदास को 27 जून को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पुण्यतिथि पर अलौकिक समागम आयोजित



**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा मम्मा की 59वीं पुण्यतिथि 24 जून को स्थानीय सेवाकेन्द्र वरदान भवन लालबाग में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।अलौकिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने मातेश्वरी की विशेषताओं का वर्णन करते कहा कि उनके जीवन में सत्यता और पवित्रता की धारणा थी। जिसके कारण उनके चाल-चलन और चेहरे से जन-जन को शिव संदेश देने की निमित्त बनी। इस अवसर पर महापौर हेमा देशमुख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, पूर्व पार्षद शारदा तिवारी, ओ कान्हा मंडल की अध्यक्ष अर्चना दास, योग शिक्षिका साधना तिवारी, डॉ. नरेन्द्र गांधी, डॉ. प्रकाश सादानी, राजू डागा, संतोष अग्रवाल, सुदामा मोटलानी, जयंतीलाल पटेल, सुरेन्द्र सिंह बग्गा, वर्षा अग्रवाल, शीला गांधी, सरस्वतीदेवी लोहिया, पदमा आहूजा, पुष्पा अग्रवाल सहित अन्य ने मातेश्वरी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस



**राजनांदगांव।** संता जन कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नशा से संबंधित नुकसानों से अवगत कराने के लिए वक्त के रूप में डॉ. योगेश कनौजिया उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. योगेश ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो है ही समाज के लिए भी घातक है। किसी भी स्थिति में नशा नहीं करना चाहिए।

नशा मानव शरीर के मन ही स्थिति को दुष्कृत कर देता है और सोचने और समझने की शक्ति को भी विकृत करता है। डॉ. योगेश कनौजिया ने कहा कि समझ में प्रत्येक व्यक्ति को नशा निवारण के लिए कार्य करना चाहिए और समाज को सुधारने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता नागेश कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, डॉली पटेल, सविता, मीनाक्षी बंजारी, लोकेश वर्मा, जयसूर्या वर्मा एवं संस्था के कोषाध्यक्ष व निदेशक शिशुपाल खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 9 का शेष

### रिश्वतखोर पटवारी को...

वो किशोर दास को महीनों से चक्कर लगवा रहा था। पटवारी द्वारा काम करने में हील-हवाला करने के कारण किसान ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की। शिकायत जांच बाद शुक्रवार सुबह पटवारी को प्रकाशपुर ग्राम पंचायत भवन में एसीबी ने 4 हजार की रकम के साथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। पटवारी राजनांदगांव के ममता नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर एसीबी ने कार्रवाई करते पटवारी को अपने साथ मुख्यालय लेकर गई है।

---

### एक दर्जन से ज्यादा स्कूल भवन डिस्मेंटल घोषित

# अव्यवस्था के बीच नया शिक्षण सत्र आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

नवीन शिक्षा सत्र मंगलवार से शुरू हो गया है। कई स्कूलों में शासन के निर्देशानुसार पहले दिन से पढ़ाई भी शुरू कर दी गई है, लेकिन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर ब्लाक के अधिकांश विद्यालयों में अव्यवस्थाओं के बीच विद्यार्थियों का शिक्षण सत्र आरंभ हुआ है। आलम यह है कि इस ब्लॉक में एक दर्जन से ज्यादा स्कूल भवन डिस्मेंटल घोषित है। यही वजह है कि कक्षाएं या तो सामुदायिक भवन हो या किराये के मकान या फिर किसी रंगमंच में लगाना पड़ रहा है।



#### दर्जनों स्कूल डिस्मेंटल

मानपुर ब्लॉक के प्रा. शा. घोड़ाझरी, प्रा.शा. आलकन्हार, प्रा.शा. मोरचुल, मा.शा. बसेली, प्रा.शा. रानवाही, प्रा. शा. नवागांव, मा.शा. तोलूम, प्रा.शा. हलांजुर, प्रा.शा. दोरदे, प्रा.शा. तेरेगांव, प्रा.शा. ठाकुरटोला, प्रा.शा. भेंसाराटोला के भवन अनुपयोगी हैं। यहां के ग्रामीणों सहित पालक भी नए भवन के लिए शासन-प्रशासन को आवेदन देकर थक गए, पर इस ओर न तो शासन-प्रशासन ने ध्यान दिया, न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ने।नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इन स्कूलों का हाल देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा का हाल और व्यवस्था कैसा है।

#### खुले मंच में पढ़ने मजबूर

नया शिक्षा सत्र शुरू करने से पहले तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के अलावा अधिकारियों द्वारा कई बार बैठक आयोजित की गई। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई, पर डिस्मेंटल घोषित किए गए स्कूल भवनों की जगह नए भवन सालों बीत जाने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिल पाई है। ऐसे में शिक्षण कार्य को लेकर शासन-प्रशासन कितना गंभीर है, आलकन्हार गांव के खुले रंगमंच में पढ़ते विद्यार्थियों को देखकर लगाया जा सकता है।

## शिक्षक-भवन की कमी, ग्रामीण करेंगे आंदोलन




**छुरिया।** ब्लॉक मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोरकुटुम्ब में स्कूल सत्र प्रारंभ होते ही पालकों को बच्चों की पढ़ाई की चिंता सताने लगी है। ग्राम में संचालित हाईस्कूल में शिक्षक की कमी एवं भवन का अभाव होने से नाराज ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय में पहुंचकर तीन दिवस के भीतर इस समस्या का निराकरण नहीं होने पर उन्होंने शाला में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया के अंतर्गत ग्राम मोरकुटुम्ब में वर्ष 2017-18 में हाईस्कूल की स्वीकृति दी गई थी, तब से दो शिक्षकों के भरोसे स्कूल संचालित हो रहा है। जिससे सभी विषयों की पढ़ाई न के बराबर है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम भी गत वर्ष की तुलना में संतोषजनक नहीं रहा। ग्रामीण शासन-प्रशासन से लेकर उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र लेखन कर समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस है। जिससे नाराज ग्रामीणों मयाराम साहू, सुरेश शोरी, हरदेव कतलाम, धनवा पडोटी, चैनसिंह शोरी, ज्ञानसिंह, गजेन्द्र शोरी सहित ग्रामीणों का दल आज तहसील कार्यालय छुरिया पहुंचकर हाईस्कूल में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है।

#### दो पाली में शाला का संचालन

वर्ष 2017-18 में मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल की सौगात तो दे दी गई, किन्तु भवन की स्वीकृति नहीं दी गई। परिणामस्वरूप उच्च प्राथमिक शाला के भवन में हाईस्कूल आज भी संचालित हो रहा है। इसी वजह से विद्यालय में दो पाली में कक्षाएं लग रही है।

---

## राज कॉसमॉस को हार्वर्ड युनिवर्सिटी से निमंत्रण




**राजनांदगांव।** राज कॉसमॉस पिता दौलत सिंह चंदेल तुलसीपुर राजनांदगांव निवासी जिन्हें विश्व की सबसे बड़ी युनिवर्सिटी हार्वर्ड अमेरिका में बुलाया गया। वो भी एक ऐसे अनोखे शोध कार्यक्रम में जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ऊपर है। जिसमें 10 लाख से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन पूरी दुनिया से सिर्फ 300 लोग ही बुलाए गए। जिसमें राज कॉसमॉस को भी बुलाया गया और उनके मुताबित पूरे भारत से सिर्फ 2 लोग ही इसका हिस्सा बन पाए। जिसमें एक भारतीय आईआईटी बॉम्बे से है और दूसरा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ से जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस 3 माह लंबे कार्यक्रम में विश्व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फोरम के कुछ डिगज्ज नाम जैसे चैटजीपीटी के मलिक सैम ऑल्टमैन भी शामिल हैं। राजनांदगांव का इतिहास पहले से ही शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। जैसे पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी, विनोद कुमार शुक्ला और अब युवा भी राजनांदगांव का नाम पूरे विश्व में ले जाने में पीछे नहीं है। यह शहर के लिए बहुत बड़ी बात है कि विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड युनिवर्सिटी जैसी जगह जहां अनगिनत राष्ट्रपतियों और अरबपतियों ने शिक्षा हासिल की।

## पटवारी की मनमर्जी और दुर्व्यवहार से ग्रामीण परेशान

- तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पटवारियों को अपने मुख्यालय पर मौजूद रहना है, लेकिन ग्राम औंधी के पटवारी शासन के इस आदेश की साफ तौर पर अवहेलना करते नजर आ रहे हैं। पटवारी का न कोई ठिकाना और न कोई कार्यालय है, जिस कारण ग्रामीण उनसे संपर्क नहीं कर पाते हैं।

#### कार्यशैली से परेशान

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत नवीन तहसील औंधी के पटवारी हल्का नंबर 01 के उपेंद्र साहू की मनमानी अपने चरम पर है। इस पटवारी की कार्यशैली से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों और छात्र-छात्राओं को पटवारियों के दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। हल्का नं. 01 के मुख्यालय ग्राम औंधी में पटवारी नहीं बैठ रहे हैं। ऐसे में किसानों को पटवारियों के कार्यालय की परिक्रमा करने की मजबूरी है।




#### पटवारी की मनमर्जी

छोटे-छोटे कार्य के लिए भी किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत औंधी के लोगों ने बताया कि पटवारी महीने में दो-चार बार ही नजर आते हैं और पटवारी अपनी मर्जी से औंधी में कार्यालय चला रहे हैं। ग्रामीण ने यह भी बताया की पटवारी के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता है। पटवारी से आम जनता ही नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। नया स्कूली सत्र प्रारंभ हो जाने के कारण छात्र-छात्राओं को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने की आवश्यकता है। जिसके लिए रोज चक्कर काटना पड़ता है और घंटों इंतजार करना पड़ता है कि पटवारी अब आएंगे। वहीं किसान नकल-नक्शा, भूमि बंटवारा, कृषि ऋण के लिए भटक रहे हैं।

#### हौसले बुलंद हैं

पटवारी अगर कार्यालय पहुंच जाते भी हैं तो ग्रामीणों से सीधे मुंह बात नहीं करते व दुर्व्यवहार करते हैं। जिसकी शिकायत औंधी तहसीलदार को देकर कार्रवाई की मांग ग्रामीण ने की है। राजस्व विभाग के लचर व्यवस्था के कारण पटवारी के हौसले इस प्रकार बुलंद हैं।

### पटवारी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, जारी नोटिस



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलडबरी के पटवारी द्वारा अभिलेख उद्यतन नहीं रखने, नक्शा बटांकन नहीं किए जाने तथा मृत व्यक्तियों के नाम खाता में पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुड़पार के पटवारी द्वारा नक्शा बटांकन नहीं किए जाने पर अभिलेख शुद्धिकरण तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार घुमका को पटवारियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने कहा तथा 15 दिवस में कार्य में प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---

## रील नहीं रियल लाइफ में करें फोकस

- गायत्री विद्यापीठ में डॉ .पूर्वा ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री विद्यापीठ में विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा डॉ. पूर्वा शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ साइकोलॉजी, देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार, टीचिंग कंसल्टेंट टेक्सास युनिवर्सिटी यूएएस द्वारा शाला के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें विषय था ''इम्पेक्ट ऑफ सोशल मीडिया ऑन स्टूडेंट्स''। इस अवसर पर डॉ. पूर्वा का स्वागत-सम्मान प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अमित उत्तलवार द्वारा किया गया। अतिथि परिचय सांस्कृतिक प्रभारी रूपाली गांधी द्वारा दिया गया।

डॉ. पूर्वा द्वारा बच्चों को सोशल मीडिया का सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव से अवगत करवाते अनेक रोचक उदाहरण एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इसके अधिक प्रयोग से बच्चों के स्वभाव में अनेक नकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। बच्चों में अधिक क्रोध, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन आदि समस्याएं देखने को मिलती है। इनसे बचने हेतु हमें इसका आवश्यकतानुसार सीमित प्रयोग ही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया से सामाजिक दूरियां बढ़ती जा रही है, हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। हमें रील लाइफ पर नहीं, बल्कि रियल लाइफ में फोकस करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि साइबर सिक्योरिटी की आपको पूर्ण जानकारी होनी चाहिए, यदि आप ऑफलाइन किसी भी सामग्री की खरीदी करते हैं तो या कोई एप से जुड़ते हैं तो अपना डाटा सोच समझकर दें। इससे होने वाली धोखाधड़ी से आप बच सकते हैं। ऐसे अनेक महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाते उन्होंने बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, राधादेवी लड्ढा, जयंतीभाई पटेल, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी, शिक्षकगण उपस्थित थे।

## जिला सतनामी सेवा समिति के चुनाव में युवराज बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव का त्रिवर्षीय आम चुनाव सतनाम भवन जीई रोड़ में 27 जून को आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूषों ने भाग लिया। इस चुनाव में अमित देशलहरे एवं पार्थ गेंडरे के पैनल विजय हुआ। जिसमें अध्यक्ष युवराज सिंह ढीरहेर चुने गए।

ज्ञात हो कि जिला सतनामी सेवा समिति 5041 का चुनाव 27 जून को गुरूघासी दास सांस्कृतिक भवन जीई रोड में काफी गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुआ। चुनाव में सुबह से देर शाम तक चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी एवं मतदाताओं का उत्साह देखते ही बनता था। बताया गया कि उक्त चुनाव में अमित देशलहरे एवं पार्थ गेंडरे का पैनल विजय हुआ। जिसमें अध्यक्ष युवराज सिंह ढीरहेर, महामंत्री कमल कुमार लहरे, कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे, सचिव ऋषिराय खरे चुनाव में विजयी हुए।उपाध्यक्ष महिला प्रतिमा बंजारे, उपाध्यक्ष पुरुष कमलेश्वर साण्डे विजयी रहे। साथ ही जिले के चारों विकासखंड से एक-एक कार्यकारिणी सदस्य विजयी हुए हैं।

#### विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

समिति चुनाव सहयोगी दल के पूर्व अध्यक्ष खुमान देशलहरा, पूर्व उपाध्यक्ष लता बंजारे, चेतन चंदेल, पूर्व कोषाध्यक्ष मलिखम कोसरे, वासुदेव जोशी, गुलाब चंदेल, पवन गायकवाड़, करण कोसरे, रामप्रसाद बघेल, कृष्णा खरे, अजय देशलहरा, घनश्याम गेंडरे, विशाल भारती, जागेश्वरी लहरे, रेखा कुर्रे, योगिता कुर्रे, दीनेतु जांगडे, कृष्णा बंजारे, पंचराम चंदेल, अंजोर मारकण्डे, ब्लॉक सचिव डोगरगढ़ गंगाप्रसाद बंजारे, रोशन बंजारे, कमलेश बंजारे, विकास बंजारे, हरीश सोनवानी, राजेंद्र भारती, परस लहरे, दीपक जोशी, मुकेश चंदेल, पुनीत भारती, राजकुमार मांडले, ऋषिकेश, विक्रम लहरे, मनीष चतुर्वेदी, सागर बंजारे सहित अन्य ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

---

## दिव्यांग हितग्राहियों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, राशन कार्ड सत्यापन, विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 140 दिव्यांग हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया। शिविर में अस्थिबाधित के लिए 95, दृष्टिबाधित के लिए 14, श्रवण बाधित के लिए 14, बहुविकलांग के लिए 6 एवं मानसिक दिव्यांग के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई।

समाज कल्याण विभाग के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से जनमानस को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया। शिविर में जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा, विरेन्द्र साहू, डाकेन्द्र चन्द्राकर, सरपंच टीकम पटेल, डॉ. अनिल महाकालकर, डॉ. बीके बेनर्जी, डॉ. खुमान सिंह मंडावी, डॉ. हिमांशु नामदेव, सुखमा चंद्रवंशी, बीके बघेल, मीना चंद्रवंशी, कंचनकला मेश्राम, निखिल साहू, ओमप्रकाश जैन, विरेन्द्र तिवारी, हिरालाल नेताम, घनश्याम साहू, निर्मला साहू सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शिवसेना ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ओवैसी पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा संसद की सदस्यता के शपथ ग्रहण करने के पश्चात विदेश के राज्य फिलिस्तीन जय का नारा लगाकर विदेश पर अपनी निष्ठा को दर्शाया है। जिससे हैदराबाद के जनता के साथ विश्वासघात व भारत के संसद की पवित्रता धूमिल हुई है, जिसे भारत के नागरिक कभी स्वीकार नहीं करते।

शिवसेना जिलाध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेश पर पूरे प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों में शिवसेना ओवैसी पर कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया है। इसी कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव में भी महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संविधान के नियमानुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से युवा सेना जिलाध्यक्ष विक्की सेन, संजय यादव, नीलकंठ यादव, आकाश सोनी, सुमित बंजारे, श्याम वैश्य उपस्थित रहे।

स्थापना वर्ष 2014 VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
COURSES
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

### महिला एवं बाल विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला बाल संरक्षण समिति, जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सह निरीक्षण समिति की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला बाल संरक्षण के काम-काज तथा विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने एजेंडावार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आनंद तिवारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी एल भुआर्य सहित परियोजना अधिकारी एवं परिवेक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में आंगनबाड़ी केद्रों और वहां दर्ज हो रहें बच्चों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होने विभागीय अधिकारियों को जिले के शहरी, मैदानी एवं वनांचल क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केद्रों में वहां दर्ज बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन को मुख्य उद्देश्य वहां दर्ज बच्चों को बेहतर देखभाल के साथ सुपोषण अभियान सहित बच्चों का मानसिक, शारीरिक तथा बौद्विक विकास का विशेष बल देना है। साथ ही विभागीय योजनाओं के माध्यम से शिशुवति तथा गर्भवती माताओं को उचित ख्याल तथा समय-समय पर टीकाकरण और विभागीय योजनाओं का लाभ देना है। उन्होने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान वहां दर्ज बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं दिखाई देती, यह बेहद ही चिंता का विषय है। हमें सबसे पहले वहां दर्ज बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर देने की जरूरत है। उन्होने सीडीपीओ और परीवेक्षक को आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं की बैठक लेकर इस सत्र से बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष ध्यान दे। कलेक्टर ने बैठक की ऐजेंडे में शामिल जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकता की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**श्री महोबे ने जिले में मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी, नवीन भवन की स्वीकृति के बारे में जानकारी ली**




बैठक में पोषण ट्रेकर अंतर्गत प्रगति समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों में और बेहतर क्रियान्वयन करने और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री महोबे ने बैठक में जिले में मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी, नवीन भवन की स्वीकृति के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी आंनद तिवारी ने विभागीय योजनाअें की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने वजन त्यौहार में प्रगति लाने सुपोषण अभियान तथा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्रामों में कुपोषण को दूर करने के लिए प्रांरभ किए गए अभिनव पहल को चालू रखने और शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

## कवर्धा ब्लॉक में तीनों चरणों का एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा में एफएलएन आधारित प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजित किया गया, जिसमें कवर्धा ब्लॉक को तीन जोन में विभक्त कर क्रमशः कवर्धा, पिपरिया, इंदौरी में किया जा रहा है, जिसमें कवर्धा ब्लॉक को 469 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें शत-प्रतिशत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जिसका अंतिम चरण 25 से 28 जून तक आयोजित एवं शुक्रवार को संपन्न किया गया। यह प्रशिक्षण ब्लैंडेड मोड (पांच दिवस ऑनलाइन व चार दिवस ऑफलाइन) मोड में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण तीन चरण में जिसमें प्रथम चरण 14 से 17 जून, द्वितीय चरण 19 से 22 जून व तृतीय चरण 25 से 28 जून तक अलग-अलग जोन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य विषय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बुनियादी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करता है, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक विकास अभियान के अंतर्गत कार्य किया जाना है। जिसमें शिक्षक संदर्शिका, पाठ्य पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका को मिलाते हुए कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों में भाषा शिक्षण सामग्री के तहत बुनियादी साक्षरता एवं गणित शिक्षण सामग्री के तहत संख्यात्मक ज्ञान हेतु दैनिक साप्ताहिक वार्षिक योजना के अनुरूप कार्य करते हुए, छात्र छात्राओं के आकलन का रोड मैप भी डिजाइन किया गया है। मेरा सफर ट्रैकर एवं सप्ताहिक आकलन ट्रैकर के माध्यम से बच्चों को सीखने के लक्ष्य प्रतिफल (एलोज) को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस प्रशिक्षण में नवा-जतन के माध्यम से 21वीं सदी के कौशल, 6सी एवं शत-प्रतिशत बच्चों को सिखाने हेतु विषय मित्र, गली मित्र, पियर लर्निंग, ग्रुप लर्निंग का सिद्धांत नवा-जतन के अंतर्गत दिया गया।

शिक्षकों के लिए इस प्रशिक्षण में सबसे आकर्षक एवं नई जानकारी ई-जादुई पिटारा रही। यह जादुई पिटारा क्या है इसका उपयोग कैसे करें, इसके महत्व एवं इससे बच्चों को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है इसकी जानकारी इस प्रशिक्षण में दी गई। पुस्तकालय एवं बहुभाषी शिक्षण पर शिक्षकों को व्याख्यान दिए गए। कवर्धा ब्लॉक के समस्त शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण जिला स्त्रोत समूह के मास्टर ट्रेनर्स देवेंद्र कुमार पांडेय, संजीव कुमार शर्मा, मुकेश ठाकुर, राज किरण चंद्रवंशी, शिव कुमार पटेल, रवि किशोर सिन्हा, मोहित ठाकुर, महेंद्र जांगड़े, मूलचंद्र धुर्वे द्वारा दिया गया।

### खबर संक्षेप

**जिलें में अभाविप का प्रांत अभ्यास वर्ग प्रारंभ**

**कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत अभ्यास वर्ग 27 से 30 जून को कबीरधाम में आयोजित किया गया। जिसका प्रस्तावित सत्र के माध्यम से शुभारंभ हुआ।
अभ्यास वर्ग में अभाविप ने कार्यकर्ताओं को अपनी आचार्यपद्धति और कार्यपद्धति के बारे में गहन और विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस दौरान अनेक सत्रों के माध्यम से संगठन की मूल विचारधारा, कार्यक्षमता बढ़ाने की तकनीक, नेतृत्व कौशल और सेवा के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। यह आयोजन अभाविप के कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे संगठन के उच्चतम लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सकेंगे। इस प्रतिष्ठित वर्ग का आयोजन एक पैलेस में चार दिनों तक चलने वाले इस अभ्यास वर्ग में विभिन्न विषयों पर विद्वान वक्ता अपने बहुमूल्य अनुभव और ज्ञान साझा करेंगे। इसमें भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रेरक कहानियों और सफल उदाहरणों से भी प्रेरणा मिलेगी।

## धौराबंद स्कूल में उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम धौराबंद स्थित शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाईस्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कॉपी-पुस्तकें एवं गणवेश वितरण कर मीठा एवं तिलकर लगाकर स्वागत किया। साथ ही साथ पौधरोपण कर अतरिक्त कक्ष का लकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी पहल हैं, सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ का विद्या के मंदिर में स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान जिलामंत्री सुरेश दुबे, सरपंच रमेश बौद्ध, सुरेंद्र चंद्राकर, चतुर बंजारे, हरदेव घृतलहरे, पुरषोत्तम निषाद, रमेश पाल, सहोरिक निषाद, अर्जुन पाल, असमन पाल, चन्द्रप्रभात, भानत दिवाकर, बिहारी साहू, सिया यादव, शिक्षक चंद्रशेखर चंद्रवंशी, नंदराम यादव, रमेश कुर्रे, भूरुवाराम बर्मन, कमलेश कश्यप, गुलाब दिवाकर, राधेश्याम कोठारी सहित छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बिजली की बेतहाशा कटौती को लेकर युवा कांग्रेस ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

- साय सरकार की अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज से लोगों का हाल-बेहाल : वाल्मिकी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत विभिन्न गांव मे बिजली की अघोषित कटौती, किसानों को सही समय में विद्युत पंप हेतु स्थाई कनेक्शन, स्थाई लाइन मेन, ग्रामवार निरीक्षण कर खंबा-तार, लंबा स्पंज को ठीक करने सहित अन्य बिंदु को लेकर युवा कांग्रेस ने विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस विस कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती सें लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हालात यह कि बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई भरोसा नहीं। बिजली की बार-बार कटौती के कारण किसान, दुकानदार, गृहणियों से लेकर उपभोक्ता बेहद परेशान है, रोजाना शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती की विभाग द्वारा पूर्व में कोई सूचना भी नहीं दी जाती है। ऐसे में आम नागरिकों को पेयजल से लेकर जरूरी कामों के लिए घंटो बिजली का इंतजार करना पड़ता है। गौरतलब है कि बारिश पूर्व मेंटेनेंस पूर्ण होने के बाद भी रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जब से बारिश शुरू हुई है, क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। हालात यह है कि दिन व रात में बिजली की बेतहाशा कटौती की जाती है। जब कि गर्मी के दिनों में भी विभाग द्वारा कभी मेंटनेस तो कभी ओवर लोड शैडिंग के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती थी। उक्त दौरान युवा कांग्रेस बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, धनराज वर्मा, अजय वर्मा, जलेश बघेल, गजेंद्र वर्मा, कमल वर्मा, गोलू वर्मा, प्रदीप वर्मा, सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थें।



**मेंटेनेंस पर लाखों खर्च फिर भी बिजली कटौती जारी है : अश्वनी वर्मा**

बिजली विभाग द्वारा प्रति वर्ष बारिश पूर्व प्री मेंटनेंस का कार्य किया जाता है, उसके बाद भी बिजली की कटौती घंटों तक की जाती है। लाखों रूपए खर्च भी किए जाते है, ताकि बारिश में भी बिजली सप्लाई में परेशानी न आए और लोगो को बिजली सप्लाई मिलती रहे। इसके बाद भी बार-बार बिजली गुल हो रही है। वहीं अघोषित बिजली कटौती के कारण सभी वर्गों में आक्रोश है।

## एफएलएन प्रशिक्षण कुण्डा जोन का बीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**हरिभूमि कोलेगांव।** एफएलएन प्रशिक्षण कुण्डा जोन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया जीपी बनर्जी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। साथ ही परिसर में संचालित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला का अवलोकन कर एक नव प्रवेशी बच्चे का उनके पूर्व ज्ञान के अवधारणा को परखते हुए कक्षा पहली में प्रवेश दिया गया। श्री बनर्जी नें शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, बच्चे देश का भविष्य होता है। विद्यार्थी बड़ें होकर राष्ट्र के सच्चे प्रहरी होता है। विद्यालय के बच्चों का एक मंच जहां उन्हें विद्यालय, समाज, परिवार, स्वच्छता, शिक्षा और अपने बातों को खुलकर कहने समझने व सीखने का अवसर प्राप्त होता है। एक सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन मे अग्रसर होता है, सही गलत में अंतर कर सकते हैं। मनुष्य के जीवन में जितना महत्त्व भोजन, कपड़े, हवा व पानी का है, उसी तरह शिक्षा का है। इसीलिए हमेशा ये ही कहा जाता है कि शिक्षा का मानव जीवन में बहुत महत्त्व है, इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है, शिक्षा न हो तो मनुष्य के जीवन की कल्पना भी मुश्किल है। इस कार्यक्रम में एफएलएन प्रशिक्षक भागीरथी चंद्राकर, धर्मराज साहू, सुरेन्द्र नेताम, शिवकुमार बंजारे, लक्ष्मण बांधेकर, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक सहसंकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, रामनिहोरा चंद्रवंशी, अकली प्रसाद कुर्रे, सुनिल कश्यप, सुश्री जानकी चुरेंद्र व एफएलएन प्रशिक्षणार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्र छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई व उनके उज्जवल भविष्य की दी बधाई

## हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोडला विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शिक्षा सत्र 2024-25 का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रवेश उत्सव में नवीन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पाठ्य पुस्तक भी नवीन छात्र छात्राओं को प्रदान किया गया। इस अवसर पर हीरा कोसले जनपद सदस्य बोड़ला, ऋषि मिश्रा, लक्ष्मीनारायण एवं पंचायत सचिव टेकराम डहरिया उपस्थित थें।

बच्चों के शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु हस्ताक्षर अभियान जिसमें सभी बच्चे हस्ताक्षर किए एवं शाला प्रवेश उत्सव हेतु सेल्फी पॉइंट बनाया गया जिसमे बच्चे मुस्कुराते हुए फोटो भी खींचाये गए। सभी बच्चे अपने स्वागत होते हुए देखकर प्रसन्नचित रहे। इस अवसर पर ऋषि मिश्रा द्वारा सभी बच्चों को अच्छे सें पढ़ने एवं भविष्य संवारने की बातें बताते हुए आशीर्वाद वचन प्रेरित किया गया। इस दौरान शाला प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, प्रतिमा झा, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202406082200016
अ /20(4),वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमन ठाकुर पति सुनील सिंह साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 68/4 रकबा 0.0120 हे जो कि सुमन ठाकुर पति सुनील सिंह के नाम पर अभिलेख में दर्ज हैं, जिसमें से आवेदिका द्वारा क्षेत्रफल 70.58 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय मे दिनांक 4/7/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है।

अतः आज दिनांक 20/06/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक -20.06.2024
पेशी दिनांक - 04.07.2024

मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202406082200017
अ /20(4),वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यशोधरा मानिकपुरी पति विजय दास मानिकपुरी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 67/58 रकबा 0.0120 हे. जो कि यशोधरा मानिकपुरी पति विजय दास मानिकपुरी के नाम पर अभिलेख में दर्ज हैं, जिसमें से आवेदिका द्वारा क्षेत्रफल 56.36 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 4/7/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 20/06/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक -20.06.2024
पेशी दिनांक - 04.07.2024

मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** प्रयास आवासीय विद्यालय योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित घोषित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाना है। इन प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष काफी मात्रा में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। आदिवासी विकास कबीरधाम के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 09 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीट रिक्त है, जो परिवर्तनशील है। रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा लेटरल एंट्री के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र 21 जून 2024 से 06 जुलाई रात्रि 12:00 बजे तक भरे जा सकते हैं। भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 07 जुलाई से 09 जुलाई तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 3 तक

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा के प्राचार्य सत्येन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधीन संचालित विभिन्न आईटीआई में प्रवेश (सत्र 2024-25 एवं 2024-26) के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 03 जुलाई 2024 तक वेबसाइट पर जाकर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### भारतीय न्याय संहिता पर कार्यशाला आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में आज केन्द्र सरकार के नए न्यायिक अधिनियम-2023 के प्रचार-प्रसार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान ने की। जिला पंचायत सीईओं संदीप अग्रवाल द्वारा विषय संबंधी व्याख्यान दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया। उन्होने भारतीय न्याय संहिता 2023 के विभिन्न बिंन्दूओं तथा नागरिक सुरक्षा साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख बिन्दूओं पर प्रकाश डाले। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा किए गए प्रश्नो पर भी चर्चा की गई। प्रचार्य श्री चौहान ने इस कार्यशाला के आयोजन के उददेश्य एवं उपयोगिता पर अपने उद्बोधन दिए।कार्यशाला पश्चात विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

**विरोध प्रदर्शन:** तीन गौ तस्कर और करीब 80 मवेशी लेकर गौ रक्षक पहुंचे एसडीएम कार्यालय

# जिले में बढ़ती गौ तस्करी के विरोध में गौ रक्षकों ने घेरा कवर्धा एसडीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में लगातार हो रही गो तस्करी को देखते हुए शुक्रवार को जिले के गौ रक्षकों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ रक्षक अपने साथ मवेशियों को लेकर पहुंचे थे और उन्होंने इन मवेशियों को एसडीएम कार्यालय के अंदर करने का प्रयास किया लेकिन मौके पर उपस्थित पुलिस जवानो ने कार्यालय का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जिसके बाद गौरक्षक धरने पर बैठ गए और एसडीएम तथा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरक्षकों ने गौ तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को भी पकड़कर पुलिस के हवाले किया और उनके कब्जे से करीब 70 से 80 मवेशियों को छुड़ाया है। आरोप है कि गौ तस्कर इन मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे थें। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे गौ रक्षकों ने कहा कि प्रशासन कबीरधाम जिले में हो रही गौ तस्करी को रोक पाने में पूरी तरह से नकाम साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि गौ तस्करी करने वाले तस्कर बड़े ही सुनियोजित ढंग से मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे हैं। गौ रक्षकों ने आरोप लगाया कि इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को देने के बाद भी क्षेत्रीय पुलिस तस्करों को पकड़ने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने में कोई रुचि नहीं दिखाती। मजबूरन गौ रक्षों को आगे आकर तथा अपनी जान जोखिम में डालकर गौ तस्करों को पकड़ना पड़ता है और उनके कब्जे से गौवंशी मवेशियों को छुड़ाकर स्थानीय गौशालाओं में भेजना पड़ता है। गौ रक्षकों ने कहा कि इसी असंतोष के चलते आज उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कवर्धा का घेराव कर प्रदर्शन किया है और जिले में लगातार हो रही गौ तस्करी को रोकने की मांग जिला व पुलिस प्रशासन से की है।





### कत्लखाना ले जाए जा रहे थे मवेशी


बताया जाता है कि शुक्रवार को कुछ गौतस्कर झिरौनी गांव से करीब 70-80 बेजुबान जानवरो को पैदल लेकर मध्यप्रदेश साल्हेवारा ले जा रहे थे। जिसकी जानकारी जिले के गौरक्षकों को मिली और उन्होने मौके पर पहुंचकर गौ तस्करों से मवेशियों से संबंधित जानकारी तथा आवश्यक दस्तावेत मांगे लेकिन वे मवेशियों से संबंधित कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद गौरक्षकों की टीम ने तीन गौ तस्करों को दबोच लिया जबकि एक तस्कर मौका पाकर भाग गया। गौ रक्षकों ने तस्करों के कब्जे से करीब 70-80 मवेशियों को भी छुड़ाया है। इस कार्यवाही के गाद बजरंगदल, विहिप तथा गौरक्षक मवेशियों तथा तस्करों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंच गए और अनुविभागीय कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया।

### एसपी ने दिया कार्यवाही का भरोसा

गौ रक्षकों के विरोध प्रदर्शन तथा अनुविभागीय कार्यालय के घेराव की जानकारी मिले के बाद मौके पर स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव पहुंचे और उन्होने गौरक्षकों को कार्यवाही का भरोसा दिलाया। जिसके बाद गौ रक्षकों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होने विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया। हालांकि इससे पूर्व मवेशियों को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के अंदर दाखिल करने को लेकर मौके पर उपस्थित पुलिस जवानो और गौरक्षकों के बीच जमकर झूमा झटकी भी दखेने को मिली लेकिन बाद में मामला शांत पड़ गया।

# संभावित बाढ़ को रोकने हरी नाले की साफ-सफाई

## वर्षो की मांग के बाद भी हरी नाला में नहीं बना पुल



- हर साल वर्षाकाल के दौरान नाले में आती है कई बार बाढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर पालिका क्षेत्र पंडरिया से होकर गुजरने वाले कवर्धा-बिलासपुर मार्ग में स्थित हरी नाला में भले ही कांग्रेस शासनकाल के बजट में प्रावधान के बाद भी उच्च स्तरीय पुल का निर्माण नहीं हो पाया लेकिन अब स्थानीय प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निर्देश पर वर्षाकाल के दौरान नाले में आने वाली संभावित बाढ़ को देखते हुए नाले की साफ-सफाई की जा रही है।

देर आए दुरूस्त आए की तर्ज पर कराई जा रही इस साफ-सफाई से आने वाले दिनो में नाले में आने वाली बाढ़ से कितनी राहत मिल पाएगी यह फिलहाल कहना तो मुस्किल है लेकिन कह सकते हैं कि स्थानीय प्रशासन लोगों की समस्याओं को कम करने की मंशा से प्रयास तो कर रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा-बिलासपुर मार्ग में नगर पालिका पंडरिया स्थित हरी नाला में बनी पुलिया काफी नीचे है जिसके चलते इस पुलिस में हर साल वर्षाकाल के दौरान अंचल के पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली बारिश अथवा अंचल के क्रांति जलाशय के उलट खोलने पर बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है।

नाले में बाढ़ के हालात निर्मित होने से चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला कवर्धा को मध्यप्रदेश, लोरमी, कोटा, पंडरिया, मुंगेली, बिलासपुर आदि से जोडऩे वाली मार्ग अवरूद्ध हो जाता है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि इस नाले में एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग वर्षो से की जाती रही है। जानकारी के मुताबिक बीते चुनावी वर्ष में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने चुनावी लाभ लेने की मंशा से हरी नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण को अपने अंतिम बजट में भी शामिल किया था। लेकिन यह पुल नहीं बन पाया। नतीजतन अब स्थानीय प्रशासन को नाले की साफ सफाई कर संभावित बाढ़ को रोकने की जुगत भिड़ानी पड़ रही है।

बताया जा रहा है कि पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी संदीप ठाकुर तथा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोम सिंह द्वारा जेसीबी की मदद से नाले की समुचित साफ सफाई कर इसमें समाई गंदगी और कूड़ा करकट को निकलवा रहे हैं ताकि बारिश का पानी आसानी से पुलिया के नीचे निकल सके। माना जा रहा है कि अबर इन अधिकारियों का यह प्रयास कारगर हो जाता है तो शायद इस साल लोगों को हरी नाला में आने वाली संभावित बाढ़ से राहत मिल सकती है।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयुआई ने कुलसचिव के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीजी कॉलेज कवर्धा में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं व बीएससी, बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कुलसचिव के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौपा है। इस संबंध में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी ने बताया कि एनएसयुआई ने मुख्य रूप से शासकीय पीजी कॉलेज में कवर्धा में कुछ प्राध्यापको द्वारा छात्रों के भविष्य से खिलवाड कर प्रायोगीक परीक्षा में चिन्हांकित छात्रों को कम अंक तो कुछ को अनुत्तीर्ण कर दिया गया है जिसकी निष्पक्ष कराए जाने तथा संबंधित प्राध्यापक पर कार्यवाही किए जाने, विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम बहुत ही निम्न स्तर पर जारी किया गया है जिसके कारण हजारों छात्र अनुत्तीर्ण की श्रेणी में आए हैं ऐसे छात्रो की कापी पुनः निःशुल्क जांच कराए जाने, पुर्नमुल्यांकन के लिए विश्व विद्यालय के द्वारा उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर उनकी निगरानी में पुनः उत्तर पुस्तिका की जांच कराए जाने, पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 विषयो में अनुत्तीर्ण छात्रों को पूरक की पात्रता दिए जाने तथा शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा के समस्त महाविद्यालयों के छात्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए पीजी कालेज में अतिशिघ्र विश्वविद्यालय संबधित कार्यालय खोले जाने की मांग की गई है।

### मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

एनएसयुआई अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी ने बताया की कुछ प्राध्यापकों के द्वारा भेदभाव तरीके से छात्रों को प्रेक्टिकल मे फैल कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया हैं। दुर्ग विश्वविद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत खराब आया हैं जिसमें छात्रों को उनके परिश्रम के आधार पर नंबर नहीं दिया गया हैं जिसके लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर पुनः उत्तर पुस्तिका की जांच कराई जानी चाहिए है। उन्होने कहा कि अगर एनएसयुआई की इन पांच सूत्रीय मांगों का निराकरण पांच दिनो के भीतर नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# शासकीय प्राथमिक शाला बरभांवर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शासकीय प्राथमिक शाला बरभांवर में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सदस्य पालकगण एवं शिक्षकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया और सभी बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर नेवता भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को एवं उपस्थित पालकों को खीर, पुड़ी एवं सब्जी खिलाया गया। शाला प्रवेश उत्सव के मौके पर सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया और पालकों को भी अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने कहा गया।

### नाली जाम, सड़क में भरा गंदा पानी



**रबेली।** ग्राम पंचायत रबेली द्वारा वर्षाकाल प्रारंभ होने पूर्व नालियों की समुचित साफ-सफाई नहीं किए जाने से न सिर्फ पानी निकासी नहीं हो पा रही है बल्कि नालियों का गंदा पानी मुख्य मार्ग में जाम हो रहा है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत रबेली के बाजार चौक से होकर गुजरने वाली नाली साफ सफाई के आभाव में कूड़ा करकट से अटी पड़ी है। जिसके कारण नाली से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और नाली ओव्हर फ्लोकर सड़क के ऊपर से बह रही है। स्थिति ये है कि नाली का गंदा पानी आम रास्ते में बह रहा है। जिससे न सिर्फ आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि बाजार चौक में गंदगी और मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की ऐसी ही उदासीनता गांव के प्रायः सभी वार्डो में भी दिखाई दे रही है जहां वर्षाकाल के पूर्व नालियों की साफ सफाई और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे निश्चित रूप से बारिश होने पर जल भराव की समस्या उत्पन्न होगी और इसकी बेजा खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से गांव में नालियों की साफ सफाई करवाने की मांग की है।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं अभ्युदय इंग्लिश मिडियम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# स्कूलों में पुलिस प्रशासन ने दी नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कबीरधाम पुलिस द्वारा नवीन कानून के प्रति और नशा तथा उसके दुष्प्रभाव के संबंध में समाज को जागरुक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार तथा उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं अभ्युदय इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभागार में स्कूली बच्चों, शिक्षकगणों, कार्यालयीन स्टाफ को नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार भापुसे, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा के द्वारा नए कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों और न्याय प्राप्त करने के साधनों व उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कवर्धा स्टाफ, दोनो स्कूल के प्राचार्यो, एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई से आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी अंगों द्वारा नवीन विधि के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। संस्थाओं में कार्यप्रणाली अद्यतन करने के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि न्याय की सुगमता जन-जन तक पहुंच सके। पुलिस ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले के समस्त नागरिकों को नए कानून की जानकारी देने के लिए विधि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# पिपरिया व स. लोहारा में भारतीय किसान संघ की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी




भारतीय किसान संघ का पिपरिया तहसील स्तरीय निर्वाचन गत दिनो सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन से पूर्व भारतीय किसान संघ तहसील इकाई पिपरिया की बैठक ग्राम चचेड़ी में आयोजित की गई। जिसमें कार्यकारिणी का गठन चुनाव प्रभारी प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह, प्रान्त कार्यकारिणी दूधेश्वर चन्द्राकर, भारतीय किसान संघ के संरक्षक दानेश्वर सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, उपाध्यक्ष कमलेश चंद्रवंशी, जिला जैविक प्रमुख रधुनाथ सिन्हा की उपस्थिति में करते हुए भारतीय किसान संघ पिपरिया का अध्यक्ष विकास चंद्रवंशी व मंत्री रोहित चंद्रवंशी को चुना गया। इस दौरान पूर्व मंत्री सिद्धू चंद्रवंशी, यशवंत चंद्रवंशी, कमलेश, जयराम उपस्थित थे। इसी प्रकार भारतीय किसान संघ लोहारा तहसील के कार्यकरिणीय सदस्यों का निर्वाचन ग्राम सिंगारपुर में किया गया। जिसमें मूलचंद साहू को अध्यक्ष व विजय साहू साहू को मंत्री व शिवकुमार वर्मा को उपाध्याय का दायित्व दिया गया। निर्वाचन कार्य में प्रमुख रूप से जगतन्नाथ साहू मीडिया प्रमुख, ओम प्रकाश चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष लोहारा, संजय साहू, जय नारायण साहू, परस वर्मा, अनुज चंद्रवंशी भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, मंजू देवी साहू उपस्थित थे